Incitec Pivot Limited

# नीति

# आधुनिक दासता

| | |
|---|---|
| दस्तावेज़ संख्या: | **POL-IPLG-PROC-000015** |
| नीति स्वामी: | **मुख्य रणनीति व स्थायित्व अधिकारी** |
| प्रभावी तिथि: | **19 दिसंबर 2019** |
| स्थिति: | **जारी की गई** |

# विषय-सूची


**1 प्रयोजन ..... 3**

**2 दायरा ..... 3**

**3 संदर्भ व परिभाषाएँ ..... 3**

3.1 संदर्भ ..... 3

3.2 परिभाषाएँ ..... 3

**4 भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ ..... 4**

**5 नीति विवरण: आपूर्ति शृंखला ..... 4**

5.1 आपूर्ति शृंखला में जोखिम की पहचान ..... 4

5.1.1 आपूर्तिकर्ता टियरिंग टूल ..... 4

5.1.2 आपूर्तिकर्ता जोखिम प्रश्नावली ..... 4

5.2 आपूर्तिकर्ता जोखिम प्रबंधन ..... 5

5.3 आपूर्ति शृंखला में पहचाने गए जोखिमों पर काम करने के लिए कार्रवाइयाँ ..... 5

5.4 कर्मचारी और ठेकेदार जागरूकता ..... 5

5.4.1 प्रशिक्षण ..... 5

5.4.2 रिपोर्टिंग ..... 5

5.4.3 आपूर्तिकर्ता जागरूकता ..... 5

**6 नीति विवरण: IPL के अपने परिचालन ..... 5**

6.1 IPL के परिचालनों में जोखिम की पहचान ..... 6

6.1.1 बाल मजदूरी का जोखिम ..... 6

6.1.2 IPL द्वारा नियोजित, या अनुबंधित संसाधनों द्वारा दुर्व्यवहार का जोखिम ..... 6

6.1.3 कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों के लिए औपचारिक शिकायत तंत्र का प्रावधान ..... 6

Incitec Pivot Limited (IPL) और इसकी सहायक कंपनियाँ आधुनिक दासता के उन्मूलन का समर्थन करती हैं और अपने परिचालनों में आधुनिक दासता के जोखिमों की पहचान, आकलन और कार्रवाई के लिए सभी उचित कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 1 प्रयोजन

इस नीति का उपयोग आधुनिक दासता अधिनियम की ज़रूरतों के अनुसार अपने परिचालनों और आपूर्ति शृंखलाओं में आधुनिक दासता प्रथाओं के संभावित जोखिमों पर IPL द्वारा किसी बयान को रेखांकित और सूचित करने के लिए किया जाएगा।

# 2 दायरा

यह नीति कर्मचारियों, निदेशकों, अधिकारियों, एजेंसी कार्यकर्ताओं, ठेकेदारों और सलाहकारों और किसी अन्य तृतीय पक्ष प्रतिनिधि सहित IPL के लिए और इसकी ओर से किसी भी क्षमता में काम करने वाले सभी व्यक्तियों पर लागू होती है।
यह ERP प्रणाली में स्थापित आपूर्तिकर्ताओं से की गई सभी ख़रीद पर लागू होती है।
ख़रीद ऑर्डर देने के लिए उत्तरदायी विभिन्न टीमों में से प्रत्येक के पास कार्यान्वयन और अनुपालन निरीक्षण का तरीका होगा जो नीति को प्रभावी बनाता है।

# 3 संदर्भ व परिभाषाएँ

## 3.1 संदर्भ

**तालिका 1: संदर्भ**

| संदर्भ | शीर्षक |
|---|---|
| https://www.incitecpivot.com.au/~/media/Files/IPL/Corporate%20Governance%20documents/Human%20Rights%20Policy_2019.pdf | मानवाधिकार नीति |
| https://www.incitecpivot.com.au/~/media/Files/IPL/Procurement/IPL_Supplier%20Code%20of%20Conduct_2019_v5.pdf | आपूर्तिकर्ता आचार संहिता |

## 3.2 परिभाषाएँ

नीति में उपयोग किए गए कैपिटल शब्दों का निम्नलिखित अर्थ है:

**HSEC कंपनी मानक 11** का अर्थ है, IPL की इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली पर उपलब्ध मानक का वर्तमान संस्करण।

ERP का अर्थ है, एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग सिस्टम, अर्थात मुख्य व्यापारिक प्रक्रियाओं का एकीकृत प्रबंधन।

**IPL** का अर्थ है, Incitec Pivot Limited और इसकी सहायक कंपनियाँ।

**आधुनिक दासता** का वही अर्थ है, जो आधुनिक दासता अधिनियम में है। इस शब्द का उपयोग कई प्रकार की शोषण प्रथाओं को कवर करने के लिए किया जाता है, जिसमें मानव तस्करी, दासता, बलात श्रम, बाल श्रम और ऋण बंधक शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं है। **आधुनिक दासता अधिनियम** का अर्थ है, आधुनिक दासता अधिनियम 2018 (Cth), जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है।

**व्हिसलब्लोअर हॉटलाइन** का अर्थ है, व्हिसलब्लोअर संरक्षण नीति के अनुसार उपलब्ध अनुचित, गैर-क़ानूनी या अनैतिक व्यवहार की गोपनीय रिपोर्ट करने का तंत्र।

**व्हिसलब्लोअर संरक्षण नीति** का अर्थ उन सिद्धांतों से है, जिनके द्वारा कोई व्यक्ति अस्वीकार्य आचरण का ज्ञात या संदिग्ध मुद्दा उठा सकता है।

# 4 भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ

**तालिका 2: भूमिकाएँ व ज़िम्मेदारियाँ**

| भूमिका | ज़िम्मेदारियाँ |
|---|---|
| अधिशासी वाणिज्यिक अधिकारी | नीति स्वामी |
| IPL निदेशक मंडल | यह सुनिश्चित करने की समग्र ज़िम्मेदारी कि IPL अपने सभी क़ानूनी और नैतिक दायित्वों का अनुपालन करती है |
| अधिशासी टीम | यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार है कि उनकी टीम अपनी भूमिकाओं के दिन-प्रतिदिन के निष्पादन में इस नीति के प्रावधानों का पालन करती है। |
| लाइन प्रबंधक | यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार है कि प्रत्यक्ष रिपोर्ट करने वाले संबंधित व्यक्ति इस नीति पर पर्याप्त प्रशिक्षण और उनकी भूमिका पर लागू कोई भी सहायक प्रक्रिया प्राप्त करें। |

# 5 नीति विवरण: आपूर्ति शृंखला

यह नीति अनुभाग उन प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है, जो IPL की आपूर्ति शृंखलाओं के भीतर आधुनिक दासता जोखिमों की पहचान और कार्रवाई करते हैं।

यह IPL के मूल्यों के साथ संरेखित है:

- हर किसी के लिए Zero Harm, हर जगह,
- लोग को महत्व दें - सम्मान, पहचान और पुरस्कार,
- समुदाय और हमारे पर्यावरण की देखभाल,
- यथास्थिति को चुनौती दें और सुधारें।

## 5.1 आपूर्ति शृंखला में जोखिम की पहचान

निम्नलिखित टूल्स का उपयोग IPL की आपूर्ति शृंखला के भीतर आधुनिक दासता के किसी संभावित जोखिम की पहचान और उसे कम करने के लिए किया जाएगा। वे आधुनिक दासता से संबंधित जोखिम की पहचान में आपूर्तिकर्ता ज़रूरी जाँच-पड़ताल गतिविधियों का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

### 5.1.1 आपूर्तिकर्ता टियरिंग टूल

आपूर्तिकर्ता टियरिंग टूल का उपयोग करके मौजूदा आपूर्तिकर्ता खर्च का विश्लेषण किया जाता है। यह वार्षिक खर्च, ख़रीदे गए सामान और सेवाओं से जुड़े जोखिम, और आपूर्तिकर्ता के मूल देश का आकलन करता है।

प्राथमिकता, विस्तृत जोखिम मूल्यांकन को सक्षम करने के लिए, टूल समग्र रैंकिंग प्रदान करता है, जो उच्च जोखिम आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करती है।

### 5.1.2 आपूर्तिकर्ता जोखिम प्रश्नावली

#### मौजूदा आपूर्तिकर्ता

आपूर्तिकर्ता टियरिंग टूल लागू करने के माध्यम से उच्च जोखिम के रूप में स्थान दिए गए, मौजूदा आपूर्तिकर्ताओं पर जोखिम प्रश्नावली लागू की जाती है, फिर इसे मध्य से कम जोखिम वाले आपूर्तिकर्ताओं पर लागू किया जाएगा।

#### नए आपूर्तिकर्ता

संभावित और नए आपूर्तिकर्ताओं के लिए, इन आपूर्तिकर्ताओं को जोखिम प्रश्नावली मानक प्राप्ति सोर्सिंग प्रक्रिया के हिस्से के रूप में भेजी जाएगी।

## 5.2 आपूर्तिकर्ता जोखिम प्रबंधन

प्रश्नावली के संभावित जोखिम को हाइलाइट करने वाले जवाबों की जाँच की जाएगी। जहाँ आवश्यक होगा, आपूर्तिकर्ता के साथ परिभाषित उद्देश्यों और इन्हें प्राप्त करने के लिए समय सीमा के साथ उपचारात्मक कार्य योजना पर सहमति की जाएगी।

## 5.3 आपूर्ति शृंखला में पहचाने गए जोखिमों पर काम करने के लिए कार्रवाइयाँ

सहमति की समय सीमा के भीतर की जाने वाली उचित कार्रवाई निर्धारित करने के लिए IPL और आपूर्तिकर्ता के बीच उपचार योजना पर सहमति की जाएगी। IPL और संबंधित आपूर्तिकर्ता के साथ नियमित अंतराल पर उपचार योजना की समीक्षा की जाएगी।

## 5.4 कर्मचारी और ठेकेदार जागरूकता

### 5.4.1 प्रशिक्षण

IPL आपूर्ति शृंखलाओं के भीतर आधुनिक दासता जोखिमों की पहचान में सहायता के लिए, चयनित कर्मचारियों और ठेकेदारों को आधुनिक दासता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जोखिम कारकों की समझ बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल को पूरा करने की ज़रूरत होती है।
आधुनिक दासता जोखिम के उच्च जोखिम के रूप में पहचाने जाने वाली भूमिकाओं में व्यक्तियों को लक्षित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 5.4.2 रिपोर्टिंग

IPL के कर्मचारियों और ठेकेदारों को IPL की आपूर्ति शृंखला के भीतर किसी ज्ञात या संदिग्ध आधुनिक दासता प्रथाओं के जोखिम की, उचित आधारों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। व्हिसलब्लोअर संरक्षण नीति में रिपोर्टिंग से जुड़े दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### 5.4.3 आपूर्तिकर्ता जागरूकता

सभी IPL आपूर्तिकर्ताओं को IPL आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का पालन करने की ज़रूरत होती है और उन्हें अपनी संबंधित आपूर्ति शृंखलाओं में आधुनिक दासता के जोखिमों की पहचान करने और कार्रवाई करने के लिए IPL के साथ काम करना होता है।
सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी आपूर्ति शृंखलाओं के भीतर उचित आधार पर आधुनिक दासता प्रथाओं के किसी पहचाने गए या संदिग्ध जोखिम को IPL को तुरंत सूचित करें, और उन जोखिमों को दूर करने के लिए किसी उपचार योजना के संबंध में IPL के साथ सहयोग करें।

# 6 नीति विवरण: IPL के अपने परिचालन

यह नीति अनुभाग उन प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है, जो IPL के अपने परिचालनों के भीतर आधुनिक दासता प्रथाओं के जोखिम पर कार्रवाई करती हैं।

यह IPL के मूल्यों के साथ संरेखित है:

- हर किसी के लिए Zero Harm, हर जगह,
- लोग को महत्व दें - सम्मान, पहचान और पुरस्कार,
- समुदाय और हमारे पर्यावरण की देखभाल,
- यथास्थिति को चुनौती दें और सुधारें।

## 6.1 IPL के परिचालनों में जोखिम की पहचान

उन उच्च जोखिम वाले देशों में परिचालनों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाएगी, जिन्होंने मानवाधिकारों की संयुक्त राष्ट्र घोषणा पर हस्ताक्षर नहीं किए और/या जहाँ बाल श्रम या मानवाधिकारों के दुरुपयोग को रोकने की प्रक्रियाएँ क़ानून में भली-भाँति निर्धारित नहीं हैं।

### 6.1.1 बाल मजदूरी का जोखिम

अनुभाग 6.1 में पहचाने गए देशों में IPL परिचालनों द्वारा नियोजित सभी व्यक्तियों की उम्र के संबंध में रिकॉर्ड रखने और ज़रूरी जाँच-पड़ताल प्रक्रियाओं की स्थापना (रिकॉर्ड्स का ऑडिट)।

### 6.1.2 IPL द्वारा नियोजित, या अनुबंधित संसाधनों द्वारा दुर्व्यवहार का जोखिम

अनुभाग 6.1 में पहचाने गए देशों में IPL परिचालनों द्वारा नियोजित संसाधनों के उचित प्रशिक्षण के संबंध में रिकॉर्ड रखने और ज़रूरी जाँच-पड़ताल प्रक्रियाओं की स्थापना (रिकॉर्ड्स का ऑडिट)।

### 6.1.3 कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों के लिए औपचारिक शिकायत तंत्र का प्रावधान

IPL व्हिसल ब्लोअर हॉटलाइन के बारे में जानकारी का प्रावधान, सभी IPL साइट्स पर संभावित मुद्दों की रिपोर्टिंग के लिए साइट संपर्क या कोई अन्य सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त तंत्र, जो HSEC कम्युनिटी स्टैंडर्ड 11 के तहत ऑडिट-योग्य है।